भाजपा ने सभी वर्गों को राहत देने वाला व कांग्रेस ने कोरा कागजी बताया बजट

बीकानेर । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि प्रदेश का बजट ऐतिहासिक और सभी वर्गों को राहत देने वाला है। पहली बार बीकानेर जिले और लूणकरणसर को इतनी सौगातें मिली हैं। उन्होंने कहा कि बम्बलू में 220 केवी जीएसएस की घोषणा की गई है। यह क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहेगा। लूणकरणसर के 7 गांवों को नहरी पेयजल से लाभांवित करने के लिए 23 करोड़, बीकानेर सहित 18 शहरों में जलापूर्ति कार्य के लिए 1 हजार 650 करोड़, ग्रामीण योजना लूणकरणसर को शहरी जल योजना में क्रमोन्नत करने के कार्य पर 40 करोड़ 64 लाख, जल योजना नापासर के सुदृढ़ीकरण पर 27 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शहरी जल जीवन मिशन की शुरूआत से शहरी क्षेत्र के वंचित घरों में शुद्ध पेयजल पहुंच पाएगा। उन्होंने कहा कि सार्दुल स्पोर्ट्स स्कूल के सुदढ़ीकरण, नवीन छात्रावास का निर्माण होगा। राजासर उर्फ करणीसर और धीरेरा सहित विभिन्न स्थानों पर पीएचसी निर्माण से स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ होंगी। वहीं लूणकरसर में अम्बेडकर छात्रावास बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीकानेर के लिए बजट में बीकानेर को स्पेशल स्पोर्ट्स काम्पलेक्स की सौगात मिली है।

बीकानेर पूर्व विधानसभा विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी ने आज वित मंत्री श्रीमती दिया कुमारी द्वारा पेश किए गए बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा यह बजट महिलाओं को सशक्त करेगा महिलाओं

■ **पहली बार बीकानेर जिले और लूणकरणसर को इतनी सौगातें मिली हैं**

के साथ हर वर्ग को फायदा मिलेगा सिद्धि कुमारी ने भजनलाल सरकार का आभार जताते हुए कहा इस बजट में महिला, युवा, किसानों के लिए बड़े ऐलान किए गए हैं हर वर्ग को लाभ मिलेगा।

खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्रीमती दियाकुमारी द्वारा बुधवार को प्रस्तुत बजट को विकासोन्मुखी बताया है। अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने बताया कि बजट में धोधा वितरिका एवं दंतौर वितरिका शाखा नहर प्रणाली क्षेत्र के 65 हजार 113 हैक्टेयर क्षेत्र क्षतिग्रस्त खालों की डीपीआर और निर्माण कार्य के लिए 230 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इससे अंतिम छोर तक बैठे काश्तकार को पर्याप्त नहरी पानी मिल सकेगा। तख्तपुरा और सत्तासर में 33 केवी जीएसएस से विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा। इसी प्रकार महादेववाली में पाइप लाइन और उच्च जलाशय के निर्माण से पर्याप्त पेयजल मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के लिए दस-दस करोड़ का प्रावधान रखा गया है। इसी प्रकार पूगल में जलदाय विभाग का सहायक अभियंता कार्यालय खुलेगा। मुख्यमंत्री शहरी जल जीवन मिशन भी पेयजल उपलब्धता की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ शिक्षा, तकनीक और सौर ऊर्जा को बढ़ावा देना वाला है। इसके सकारात्मक परिणाम आने वाले समय में देखने को मिलेंगे।

श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती दियाकुमारी द्वारा राज्य का बजट दूरगामी सोच के साथ प्रस्तुत किया गया है। यह स्वागत योग्य है। बजट मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की प्रदेश के चहुमुखी विकास की दूरदर्शी सोच को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में तैयार बजट ने श्रीडूंगरगढ़ को विशेष ध्यान देते हुए विकास कार्यों की घोषणा कर सौगातें दी हैं। इनमें नए औद्योगिक क्षेत्र की घोषणा, शहरी जल योजना सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 80 करोड़ रुपए की घोषणा, 33 केवी जीएसएस हेमासर व डेलवा में बनवाने, ठुकरियासर से लिखमादेसर कुन्तासर धीरदेसर चोटियांन होते हुए कीतासर भटियांन तक 22.80 किलोमीटर सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। इसकी लागत 23 करोड़ रुपए आएगी। एनएच 11 जालबसर से उदारासर, आड़सर लाछड़सर सीमा एसएच 6 तक 51 किलोमीटर सड़क बनवाई जाएगी। इस पर 51 करोड रुपए लागत आएगी। साथ ही कुचोर अथुनी से एसएच 20 बी फांटा होते हुए खेराज भोमिया गौशाला तक 6 किलोमीटर सड़क का निर्माण करवाया जाएगा। इसकी लागत 6 करोड़ 30 लख रुपए आएगी तथा बिग्गाबास रामसर से रुस्तम धोरा तक 8.5 किलोमीटर सड़क का निर्माण करवाया जाएगा।

बजट 2025-26 में कोलायत विधानसभा क्षेत्र के विकास को अभूतपूर्व प्राथमिकता दी गई है। क्षेत्र में सिंचाई, पेयजल, सड़क, बिजली और धार्मिक पर्यटन,खेल मैदान, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए कुल ?889.95 करोड़ की सौगातें दी गई हैं। विधायक अंशुमानसिंह भाटी ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2025-26 ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी है। इसमें कोलायत विधानसभा क्षेत्र के विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। सिंचाई के लिए 650 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात किसानों को पानी की समस्या से राहत दिलाएगी। इनके अलावा, पेयजल, सड़क, बिजली व धार्मिक पर्यटन स्थलों के विकास के लिए महत्वपूर्ण बजटीय प्रावधान किए गए हैं। जिससे क्षेत्र के निवासियों की जीवनशैली में बड़ा बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट कोलायत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देगा और इसे एक सशक्त, समृद्ध व आत्मनिर्भर क्षेत्र बनाने में सहायक होगा। भारतीय जनता पार्टी शहर जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने राजस्थान की वित्त मंत्री दिया कुमारी ने विकसित राजस्थान की संकल्पलना को साकार करने वाला बजट पेश किया विधानसभा में बजट 2025-26 पेश कर दिया है राजस्थान बजट में वित्त मंत्री दिया कुमारी ने 1.25 लाख सरकारी भर्तियों की घोषणा की है, जिससे बेरोजगार युवाओं को राहत मिलेगी प्रगति पथ पर राजस्थान 6000 करोड़ की लागत से 21000 किमी नॉन पेचेबल सड़कों के निर्माण की घोषणा इससे केकेटिविटी में राहत मिलेगी स्वामित्व योजना के अंतर्गत 2 लाख परिवारों को नए पट्टे वितरित किये जायेंगे ये निणन्य स्वागत योग्य है। भाजपा जिला महामंत्री मोहन सुराणा, श्याम सुंदर चौधरी, नरेश नायक, उपाध्यक्ष हनुमान सिंह चावड़ा, आनंद सिंह भाटी, मंत्री मनीष सोनी, संगीलाल गहलोत ने भी बजट को सराहना की।

भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा आज विधानसभा में वित मंत्री दिया कुमारी ने बजट में संकल्प पत्र में मोदी की गांरटी के रूप में की गई घोषणाओं को पूरा करने के लिए भाजपा की डबल इंजन की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला बजट दिया है। 150 यूनिट बिजली फ्री करने से आम आदमी को राहत मिलेगी, किसानों को गेहूं खरीद पर बोनस के साथ ही किसान सम्मान निधि योजना के तहत मिलेंगे 9000 रुपये इससे किसानों को लाभ होगा, 'हर घर खुशहाली' की संकल्पना को साकार करते हुए ग़रीबों, किसानों, युवाओं एवं महिलाओं के समग्र उत्थान हेतु समर्पित ऐतिहासिक बजट 2025-26 के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दिया ुमारी का आभार है। राजस्थान विधानसभा का आज पेश हुआ बजट समावेशी विकास और आम जनता की भलाई पर केंद्रित है।

बुजुर्ग से बालियां झपटी, आरोपी फरार

श्रीगंगानगर । शहर में झपटमारी की घटनाओं का सिलसिला जारी है। शाम करीब साढ़े पांच बजे सद्भावना नगर क्षेत्र में अज्ञात बदमाश लकडियां इकट्ठी कर रही बुजुर्ग महिला से सोने की बालियां छीनकर फरार हो गया। पीडि़त महिला कमला देवी के बेटे केशवकुमार स्वामी ने बताया कि उसकी माता घर से कुछ दूरी पर एक खाली प्लॉट से लकडियां इकट्ठा कर रही थीं।

शाम करीब साढ़े पांच बजे एक अज्ञात व्यक्ति कमला देवी के पास आया और बातचीत की कोशिश करने लगा। बुजुर्ग महिला ने अज्ञात से ज्यादा बात नहीं की। इसी दौरान लकडियां इकट्ठी करने के लिए नीचे झुकी तो बदमाश ने झपट्टा मारकर उनकी दोनों सोने की बालियां छीन लीं और पैदल ही भाग गया। केशव ने बताया कि छीनाझपटी में कमला देवी का चश्मा भी टूट गया और एक कान से खून बहने लगा। उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग उसे पकड़ने के लिए पीछे भागे लेकिन आरोपी हाथ नहीं आया। केशव ने बताया कि आरोपी ने कोई नकाब नहीं पहना था और उसकी माता उसे पहचान सकती हैं। केशव कुमार स्वामी ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस थाना में दी। पुलिस ने बीएनएस की धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया है। जांच हेड कांस्टेबल दर्शन सिंह को सौंपी गई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है लेकिन अभी कोई सुराग नहीं लग पाया है। छीनाझपटी की चार अन्य वारदातें भी हुई थी। प्रेमनगर क्षेत्र की गली नंबर एक में बाइक सवार दो नकाबपोश एक महिला से सोने की बालियां छीनकर फरार हो गए थे। दूसरी वारदात सरकारी मेडिकल कॉलेज के पास हुई जहां बापूनगर निवासी नवीन यादव पुत्र एडवोकेट ओम प्रकाश के हाथ से मोबाइल फोन छीन लिया गया।

सार-समाचार

पर्यावरण समिति की बैठक आयोजित

श्रीगंगानगर। जिला स्तरीय पर्यावरण समिति व परिसंकटमय अपशिष्टों के व्यसन के चयन के लिये गठित समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाहॉल में जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने जिले में अवस्थित नम भूमि के गजट नोटिफिकेशन पर चर्चा करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्णतया प्रतिबंध पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय इस संबंध में निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। नियमित रूप से प्लास्टिक पॉलीथिन जब्ती की कार्यवाही की जाये। नगरपालिका के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मार्केटिंग व्यापारियों से बैठक कर समझाइश करें एवं आमजन को प्लास्टिक पॉलिथीन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया जाये। पॉलिथीन बनाने वाली फैक्ट्रियों का निरीक्षण कर जब्ती कार्यवाही की नियमित मॉनिटरिंग करने के लिये नगरपरिषद अधिकारी को निर्देशित किया गया। मेडिकल बायोवेस्ट का समुचित रूप से निस्तारण हो, इसके लिये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार उक्त कार्यवाही की जाये और समय-समय पर चिकित्सा संस्थानों में निस्तारित हो रहे मेडिकल बायोवेस्ट का औचक निरीक्षण भी किया जाये। बैठक में जिला कलक्टर ने पर्यावरण संबंधी कार्यक्रमों को प्रोत्साहन देने के लिये सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रेरित करने के निर्देश देते हुए कहा कि सब के सहयोग से ही पर्यावरण समस्याओं का निस्तारण संभव है। पर्यावरण संबंधी समस्याओं के निराकरण एवं प्रदूषण संबंधित आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रीन गंगानगर कैम्पेन के लिये सभी विभागों को जगह चिन्हित कर प्रस्ताव भिजवाने के लिये कहा। जिला कलक्टर ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम की प्रगति रिपोर्ट पर भी चर्चा की। गत वर्ष हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुए पौधारोपण की रिपोर्ट देने के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए टीओआरएफ योजना की कार्य योजना 2025-26 का अनुमोदन किया। इस अवसर पर उपवन संरक्षक राकेश दुलार, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक हरीश मित्तल, सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला,रमेश माचरा, गिरजेशकांत शर्मा, सुरेन्द्र पूनिया, एमएल मीना, मंगत सेतिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम पर जोर

बीकानेर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यशाला में कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, बेटियों के अधिकारों, मातृत्व स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और कैंसर जागरूकता पर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यशाला में राजकीय नर्सिंग स्कूल और बीएससी नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में संयुक्त निदेशक, बीकानेर जोन डॉ. देवेंद्र चौधरी ने कन्या भ्रूण हत्या के उन्मूलन के लिए समाज और प्रशासन के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बेटा-बेटी में भेदभाव को निराधार बताते हुए कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं और उनके सशक्तिकरण के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध ने पीसीपीएनडीटी एक्ट 1994 की सख्ती से अनुपालना की जानकारी दी और विभाग की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक महेंद्र सिंह चारण ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों, मुखबिर योजना और डेकोय ऑपरेशन की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को भ्रूण हत्या रोकने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. राहुल हर्ष ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई। इस मौके पर महिला अधिकारिता विभाग की उपनिदेशक डॉ. अनुराधा सक्सेना, डॉ. सुरेंद्र बेनीवाल, डॉ. योगेंद्र तनेजा, डॉ. लोकेश गुप्ता, डॉ. विजय शंकर बोहरा, डॉ. नवल किशोर गुप्ता, डॉ. मुकेश मीणा सहित कई अधिकारी एवं विशेषज्ञ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम समन्वयक मालकोश आचार्य ने किया और समस्त व्यवस्थाओं का प्रबंधन पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ के भोजराज मेहरा द्वारा किया गया।

समस्या समाधान शिविर 21 को

श्रीगंगानगर। भूतपूर्व सैनिक व वीरांगनाओं हेतु पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर 21 फरवरी को प्रातः 10 से 11.30 बजे तक लायन्स क्लब व्यापार मण्डल-2 घडसाना तथा दोपहर 12 से 1.30 बजे तक पंचायत समिति परिसर अनूपगढ़ में आयोजित किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आत्मेश बेनीवाल ने बताया कि सभी भूतपूर्व सैनिक एवं वीरांगनाएं अपने समस्त दस्तावेज (पीपीओ, डिस्चार्ज बुक, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, मोबाइल जो स्पर्श व बैंक खाते में जुड़ा हुआ है) साथ में लेकर शिविर में भाग लेकर शिविर का लाभ उठाएं।

बिना नमक वाली प्लेन छाछ भी बेचेगा सरस

श्रीगंगानगर, सरस डेयरी ने एक और नया उत्पाद प्लेन छाछ लॉन्च किया है। डेयरी के प्रबंध संचालक उग्रसेन सहारण ने बताया कि बाजार से प्लेन छाछ की काफी मांग आ रही थी। इस समय में ब्लड प्रेशर के रोगी नमकीन छाछ न पीकर प्लेन छाछ पीना अधिक पसंद कर रहे हैं। उपभोक्ताओं द्वारा लंबे समय से कढ़ी बनाने के लिए भी प्लेन छाछ उपलब्ध करवाने की मांग की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए उपभोक्ताओं की मांग पर सरस डेयरी ने प्लेन छाछ की लॉन्चिंग की है। सहारण ने बताया कि अभी आधा लीटर प्लेन छाछ का पाउच 15 रुपए में उपलब्ध होगा। उपभोक्ताओं की मांग पर भविष्य में इसके बड़े पैक भी बाजार में उपलब्ध करवाए जाएंगे।

कैलाशी रमाकांत शर्मा का स्वागत

बीकानेर, हिमालय परिवार बीकानेर के सदस्य कैलाश मानसरोवर की कई बार यात्रा कर चुके रमाकांत शर्मा का आज बीकानेर पहुंचने पर अभिनंदन किया गया । दोपहर 2.30 बजे बीकानेर के पंचशति सर्किल पहुंचने पर प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. सुषमा बिस्सा, अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, सचिव आर के शर्मा, चंद्र कांत शर्मा सहित गोपी किशन सोलंकी, श्याम सुंदर राजपुरोहित, मनोज किराड़ू, कपिल राजपुरोहित, गोविंद सिंह सोलंकी, बैंक स्टाफ की पूजा सोलंकी, रामदेव राठोर, अभिषेक वाधवा, रिंकू कच्छवाहा, ईशान भाटी ने माल्यार्पण कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि बैंक ऑफ बड़ौदा की जेएनवी शाखा में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत रमाकांत शर्मा अकेले शनिवार को बीकानेर से मोटरसाइकिल पर रवाना होकर रविवार रात प्रयागराज पहुंचे व रात को महाकुंभ में संगम स्नान किया ।

समस्या समाधान शिविर 21 को

श्रीगंगानगर। भूतपूर्व सैनिक व वीरांगनाओं हेतु पूर्व सैनिक समस्या समाधान शिविर 21 फरवरी को प्रातः 10 से 11.30 बजे तक लायन्स क्लब व्यापार मण्डल-2 घडसाना तथा दोपहर 12 से 1.30 बजे तक पंचायत समिति परिसर अनूपगढ़ में आयोजित किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी आत्मेश बेनीवाल ने बताया कि सभी भूतपूर्व सैनिक एवं वीरांगनाएं अपने समस्त दस्तावेज (पीपीओ, डिस्चार्ज बुक, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड, मोबाइल जो स्पर्श व बैंक खाते में जुड़ा हुआ है) साथ में लेकर शिविर में भाग लेकर शिविर का लाभ उठाएं।

बीकानेर में पहली बार आयोजित होगा 'चिल्ड्रन फेस्टिवल'

बीकानेर, । बीकानेर के तीन से चौदह साल तक के बच्चों के लिए पहली बार भव्य चिल्ड्रन फेस्टिवल 'आजू गूजा' का आयोजन किया जाएगा। यह फेस्टिवल 22 और 23 फरवरी को रेलवे ग्राउंड में आयोजित होगा।

जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की पहल पर आयोजित हो रहे इस अनूठे फेस्टिवल में देश भर से बच्चों के लिए थिएटर, चित्रकला, माइम, पॉटरी मेकिंग, ऑरिगेमी, कठपुतली, जादूगर, म्यूजिक एवं नृत्य के अलावा 50 से अधिक परफार्मिंग आर्टिस्ट बीकानेर आएंगे।

नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष ने बताया कि छोटे बच्चों के लिए विशेष पुस्तकों का प्रकाशन करने वाले प्रमुख प्रकाशक फेस्टिवल में भागीदारी निभाएंगे। इसके लिए उन्हें आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम, नेशनल बुक ट्रस्ट, एकलव्य, अमर चित्र कथा, आदिदेव, राजकमिक्स, कॉलास्टिक सहित अनेक प्रकाशक तीन हजार से ज्यादा शीर्षक की किताबें लाएंगे। बच्चों के पढ़ने के लिए रीडिंग कार्नर भी बनाया जाएगा।

दो दिन चलने वाले इस फेस्टिवल में बच्चों के लिए कला, चित्रकला, हेंडीक्राफ्ट, स्पोर्ट्स, ड्रम सर्किल, ग्रुप डांस, डूडल आर्ट, इंस्टालेशन, ओरिगेमी, म्यूजिक सर्किल, पपेट थिएटर, माइम आर्ट, स्टोरी टेलिंग, ऑथर इंटरेक्शन, दादी नानी की कहानियां, कैलीग्राफी, लोक कथाएं, लोक कहानियां, पोटरी मेकिंग, चारपाई मेकिंग, चरखा बुनना, फन विथ साइंस, डू इट योरसेल्फ के अलावा अनेक रचनात्मक गतिविधियों की कार्यशालाएं आयोजित होंगी। इसके लिए दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, मुंबई, जोधपुर सहित अन्य स्थानों से विशेषज्ञ आएंगे।

आयुक्त ने बताया कि सुबह 10 से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस फेस्टिवल में दिन भर डांस और म्यूजिक की प्रस्तुतियां भी होगी. जैसलमेर के 15 बच्चों का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें 6 से 15 साल तक के कलाकार खरताल, मोरचंग, ढोलक, खामायचा, बीन के साथ अपना गायन प्रस्तुत करेंगे। फेस्टिवल में आने वाले बच्चे भी इन कलाकारों से खरताल बजाना सीखेंगे। फेस्टिवल में माता-पिता या अभिभावक बच्चों के साथ ही प्रवेश ले सकेंगे। वयस्कों को अलग से प्रवेश नहीं मिलेगा। यह फेस्टिवल 3-14 साल तक के बच्चों के लिए ही आयोजित किया जा रहा है। इसलिए वयस्क, माता पिता या अभिभावक बच्चों के साथ ही प्रवेश कर पाएंगे। स्कूल की ओर से आने वाले बच्चों की एंट्री की व्यवस्था अलग से रहेगी।

सात परीक्षाओं के परिणाम घोषित

बीकानेर। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा आज 7 परीक्षाओ के परीक्षा परिणाम परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश जोशी द्वारा घोषित किए गए। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया की जारी किए घोषित 7 परीक्षा परिणामों के अन्तर्गत बी.टेक. प्रथम सेमेस्टर (पुरानी योजना) (बैक) परीक्षा दिसंबर-2023, बी.आक. द्वितीय सेमेस्टर मुख्य परीक्षा जून-2024, बी.डिजाइन. चतुर्थ सेमेस्टर मुख्य/बैक परीक्षा जून-2024, बीएफए प्रथम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा दिसंबर-2023, बीएफएडी प्रथम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा दिसंबर-2023, एम.टेक.द्वितीय सेमेस्टर (मुख्य/बैक) परीक्षा जून-2024 एवं चतुर्थ सेमेस्टर (पावर सिस्टम) मुख्य परीक्षा जून-2023 के परिणाम घोषित किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मंशानुरूप विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रणाली की सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में डिजिटल मूल्यांकन व्यवस्था को लागू किया गया हैं।

शिक्षकों की मांगों से संयुक्त निदेशक को अवगत करवाया

बीकानेर, (निसं)। शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा बीकानेर गोविंद नारायण माली से मिलकर संगठन की मांगो से अवगत करवाया। जिनमें महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में जल्द जिला आवंटन व पदस्थापन करवाने,दो दिवसीय जिला स्तरीय व दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलनों में शिक्षकों की शत प्रतिशत उपस्तिथि अनिवार्य करने,तबादलों हेतु स्थाई तबादला नीति बनाई जाएं जिसमें विधायकों/जन प्रतिनिधियों की डिजायर प्रथा का बंद किया जाएं, 2023-24, 2024-25 दो सत्रों की वरिष्ट अध्यापक से व्याख्याता बकाया पदोन्नति अतिशीघ्र करवाने,5 सितंबर को ब्लॉक,जिला व राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान हेतु आवेदन करने व पुरुस्कृत होने वाले सभी शिक्षको के शाला दर्पण पर ऑनलाइन नंबर सहित उनके द्वारा साथ में सलंग्न किए गए समस्त दस्तावेजो को ऑनलाइन जारी किया जाएं। जिससे सम्मान समारोह की पारदर्शिता बनी रही। साथ ही राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित शिक्षको को उन स्कूलों में लगाया जाएं जिन स्कूलों में ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की संख्या अधिक हो साथ ही बालिकाओं की शिक्षा से दूरी हो ओर नामांकन की संख्या कम हो। राज्य के सभी समग्र शिक्षा में 1382 पदों के लिए हुए इंटरव्यू का जल्द परिणाम जारी करवाने, उप प्राचार्य के 50 प्रतिशत पदों पर सीधी भर्ती, शिक्षकों को गैर शैक्षिक कार्यों में नहीं लगाने,कार्यरत कंप्यूटर अनुदेशकों का पदनाम कंप्यूटर शिक्षक करने व केडर की पुनः समीक्षा करवाकर केडर संशोधन व विस्तार करवाने, शिक्षकों की सुरक्षा के लिए अधिनियम बनाने,सभी उच्च माध्यमिक स्कूलों में अनिवार्य विषयों के पद स्वकृत करवाने,दो सरकारी बीएड कॉलेज (राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान के नाम से बीकानेर व अजमेर) में संचालित है।

एस.के.आर.एयू. का दीक्षांत समारोह 24 को

बीकानेर, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का इक्कीसवां दीक्षांत समारोह 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। कुलपति डॉ अरुण कुमार ने बताया कि इक्कीसवां दीक्षांत समारोह 25 फरवरी के स्थान पर अब 24 फरवरी को राज्यपाल और कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागडे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के विद्या मंडप सभागार में आयोजित होने वाले इस समारोह में 1480 विद्यार्थियों को विभिन्न शैक्षणिक उपाधि प्रदान की जाएगी। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा कृषि संकाय, सामुदायिक विज्ञान संकाय और आईएबीएम के कुल 1480 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। जिसमें कृषि संकाय के अंतर्गत स्नातक (यूजी) के 1324, स्नातकोत्तर (पीजी) के 40 और विद्या वाचस्पति (पीएचईडी) के 17 विद्यार्थी शामिल हैं। सामुदायिक विज्ञान

■ **कुलपति ने की समारोह की तैयारियां की समीक्षा**

महाविद्यालय के स्नातक के 22, स्नातकोत्तर के 06 और विद्या वाचस्पति के 02 विद्यार्थी भी शामिल हैं। 13 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व 02 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक समारोह में राज्यपाल 13 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 02 विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित करेंगे। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले 13 विद्यार्थियों में से स्नातक के 02, स्नातकोत्तर के 10 और विद्यावाचस्पति का 01 विद्यार्थी शामिल है। स्नातक और स्नातकोत्तर के 01-01 विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

नेत्र जांच शिविर 2 को

अनूपगढ । लायंस क्लब द्वारा 2 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले निशुल्क नेत्र जांच शिविर का प्रचार-प्रसार शुरू हो गया है। लायंस भवन से कैबिनेट मेंबर सोहनलाल मिड्ढा ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह प्रचार रथ आसपास के गांवों में जाकर शिविर की जानकारी देगा। शिविर में आंखों की जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन और चश्मों का वितरण निःशुल्क किया जाएगा। जरूरतमंद लोगों को समय पर उचित नेत्र चिकित्सा सुविधा मिल सके, यही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि क्लब हर वर्ष ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस शिविर की जानकारी अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक पहुंचाएं।

अनूपगढ़ को डीटीओ और इंडोर स्टेडियम की सौगात

अनूपगढ । डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने आज राज्य का बजट पेश किया। बजट में अनूपगढ़ विधानसभा क्षेत्र को कई महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। अनूपगढ़ में डीटीओ ऑफिस, मिनी एग्रो फूड पार्क और ऑडिटोरियम की स्थापना की घोषणा की गई है। साथ ही इंडोर खेल मैदान का निर्माण भी किया जाएगा। रावला में 132 केवी जीएसएस और घड़साना में नया सरकारी कॉलेज खोला जाएगा।

किसानों के लिए विशेष प्रावधान करते हुए रायसिंहनगर से रावला तक विभिन्न खालों के निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह योजना रायसिंहनगर, अनूपगढ़, घडसाना, रावला और श्री विजयनगर के

■ **रावला में बनेगा 132 केवी जीएसएस, घड़साना को मिला नया सरकारी कॉलेज**

44,000 हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र को लाभान्वित करेगी। शैक्षणिक सुविधाओं में विस्तार करते हुए स्कूल स्तर पर सावित्री बाई फुले छात्रावास और कॉलेज स्तर पर बालिका छात्रावास की स्थापना की जाएगी। हाल ही में जिला दर्जा निरस्त होने के बावजूद एडीएम कार्यालय को यथावत रखा जाएगा। भाजपा नेता मोहित छाबड़ा ने कहा-यह बजट क्षेत्र के समग्र विकास को गति देगा। हालांकि खाजूवाला को शामिल कर अनूपगढ़ को पुनः जिला बनाने की उम्मीद अभी अधूरी रही है। भाजपा नेता और नगरपरिषद उपसभापति सतपाल मुंजाल तथा पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने इस बजट को बेमिसाल बताया है। नगरपरिषद सभापति प्रियंका बैलान ने बताया-सरकार का यह बजट अनूपगढ़ क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने वाले ऐतिहासिक निणन्य है। उन्होंने अनूपगढ़ के विकास को नई गति देने वाली तीन महत्वपूर्ण स्वीकृतियों, जिला परिवहन कार्यालय की स्थापना,इंडोर स्टेडियम का निर्माण और एक आधुनिक ऑडिटोरियम पर सरकार का आभार व्यक्त किया है।

फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत शिविर जारी

श्रीगंगानगर। कृषि विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित एग्रीस्टैक योजनांतर्गत फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत शिविरों का आयोजन जिले में किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. मंजू के निर्देश पर बुधवार को उपखण्ड अधिकारियों के साथ-साथ ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने आयोजित शिविरों का निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर के निर्देश पर रायसिंहनगर, सादुलशहर, सूरतगढ़, पदमपुर, श्रीविजयनगर, श्रीकरणपुर, गंगानगर, अनूपगढ़, घडसाना क्षेत्र में जारी फार्मर रजिस्ट्री शिविरों का उपखण्ड अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपखण्ड अधिकारियों ने शिविर में हुए रजिस्ट्रेशन की जानकारी लेते हुए शिविर प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान शिविरों में किसानों की विशिष्ट फार्मर आईडी बनाई गई। साथ ही विभिन्न विभागीय योजनाओं से भी किसानों को लाभान्वित किया गया। कृषि विभाग द्वारा मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गये।

फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत 20 से 22 फरवरी को तहसील श्रीगंगानगर की ग्राम पंचायत मटीली, तहसील अनूपगढ़ की ग्राम पंचायत 9एमडी, तहसील घडसाना की ग